an>

Title: Need to fix the Minimum Support Price of Maize particularly in Purnia Parliamentary Constituency, Bihar.

**श्री संतोष कुमार (पूर्णिया) :** बिहार के मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्णिया एवं कोशी क्षेत्र के आसपास के जिलों में मक्के की खेती प्रचुर मात्रा में होती है। इस क्षेत्र के किसानों का जीविकोपार्जन एवं मुख्य रूप से आय का साधन मक्क ही हैं। इस क्षेत्र के लोग इसी खेती पर आधारित होकर अपने परिवार को चलाते हैं। ज्ञातव्य हो कि बिहार के अलावा कुछ और राज्यों में इसकी पैदावार अच्छी होती है।

भारत सरकार गेहूँ, धान गन्ना एवं आलू इत्यादि का समर्थन मूल्य घोषित कर चुकी है, लेकिन मक्के का समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया है। बिहार सहित देश भर के किसानों के हित में मक्के का समर्थन मूल्य इसी सत्र में घोषित करे।